# प्रेस विज्ञप्ति

## 09/04/2024

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन-निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति घोटाला** मामले में 4.83 करोड़ रुपये कीमत की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है । उक्त कुर्क संपत्तियाँ डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फर्रुखाबाद , उ.प्र. के कॉलेज भवन के रूप में हैं।

ईडी ने खुफिया जानकारी और उ.प्र. पुलिस द्वारा छात्रवृत्ति घोटाले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी की जांच से पता चला कि कुछ ट्रस्ट/कॉलेज के संचालकों, प्रबंधकों और ट्रस्टियों ने नाम मात्र के लिए अपने संस्थानों में फर्जी छात्रों के नाम पर फर्जी नामांकन दिखाया और सरकारी पोर्टल पर उनके नाम पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं और कागजी कार्रवाई कॉलेजों के प्रबंधकों/कर्मचारियों द्वारा स्वयं की गई थी। इस प्रकार प्राप्त छात्रवृत्ति को कॉलेजों के खातों में अंतरित कर दिया गया और उसके बाद नकद में निकाल लिया गया या व्यक्तिगत खातों में अंतरित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप जरूरतमंद और वास्तविक छात्रों को वंचित करके करोड़ों रुपये के सरकारी धन का गबन किया गया।

इससे पहले, डॉ. ओम प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और मुख्य प्रबंधक व्यक्ति शिवम गुप्ता को ईडी ने 01.03.2024 को दुबई जाने की कोशिश करते समय लखनऊ हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक 06 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके अलावा, विभिन्न कॉलेजों के प्रबंधकों और ट्रस्टियों से संबंधित 15.6 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए 04 अनंतिम कुर्की आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इस मामले में पांच आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष पीएमएलए न्यायालय के समक्ष एक अभियोजन शिकायत और दो पूरक अभियोजन शिकायतें पहले ही दायर की जा चुकी हैं।

इससे पहले, फरवरी 2023 में तलाशी के दौरान पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत डॉ. ओम प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित 93 लाख रुपये मूल्य की नकदी और बैंक बैलेंस को फ्रीज/कुर्क किया गया था। इस मामले में यह पांचवीं कुर्की है। इस पीएओ को मिलाकर अब तक कुल संचित राशि 20.43 करोड़ रुपये की कुर्की की जा चुकी है।

आगे की जांच जारी है .